प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 18.09.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि केंद्र, राज्यों में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों–आई टी आई को एआई संचालित प्रशिक्षण केंद्रों में अपग्रेड करने के लिए पूरी वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। आज नई दिल्ली में इंडियन फांउडेशन फॉर क्वालिटी मैनेजमेंट की वार्षिक संगोष्ठि को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आई टी आई उद्योग की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए अपग्रेड किए जा रहे हैं। श्रीमती सीतारामन ने कहा कि पिछले दो–तीन वार्षिक बजट में सरकार ने श्रम शक्ति को कुशल बनाने के लिए प्रावधान किए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार यह भी सुनिश्चित कर रही है कि युवाओं को कुछ प्रोत्साहनों के साथ प्रशिक्षित किया जाए। वित्त मंत्री ने उद्योगों से कहा कि वे देश के युवाओं के कौशल को बढ़ाने के लिए सरकार के साथ मिलकर काम करें।

0000

प्रदेश में चलाये जा रहे सेवा पर्व अभियान के तहत आज भी कई गतिविधियां आयोजित की जा रही है। भारतीय जनता पार्टी और विभिन्न संगठनों की ओर से सार्वजनिक स्थलों, एतिहासिक तथा सांस्कृतिक महत्व की इमारतों और मंदिरों तथा सरकारी भवनों में साफ सफाई के कार्यक्रम आयोजित किये गये। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने जयपुर के जंतर मंतर सौरवैधशाला पर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ श्रमदान किया।

पर्यटन विभाग की ओर से रखे गये आयोजन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन और प्लास्टिक मुक्त भारत की पहल को जन जन तक पंहुचाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने लोगों से स्वच्छता को अभियान ना मानकर दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की।

0000

राज्यभर में कल से शुरू हुए शहरी और ग्रामीण सेवा शिविरों के दूसरे दिन भी आज लोगों में खासा उत्साह बना हुआ है। सुविधाओं और सेवाओं का लाभ लेने के लिए बडी संख्या में लोग शिविर स्थल पंहुच रहे है। हनुमानगढ़ जिले के टिब्बी की खारखेड़ा ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में राजस्व विभाग की टीम ने किसानों को नई तकनीक से जोडने के लिए शिविर के माध्यम से प्रेरित किया। राजस्व विभाग ने गिरदावरी एप का प्रशिक्षण दिया और उन्हें स्वयं अपनी फसल की गिरदावरी करना सिखाया। शिविर में 15 सर्वेयरों को एप से जोड़कर प्रशिक्षित किया गया। गौरतलब है कि 17 अक्टूबर तक चलने वाले इन शिविरों में लीज और अप्रूव्ड कॉलोनियों के पट्टों पर छूट, आपसी सहमति से जमीन तथा मार्ग विवाद निस्तारण, सफाई, रोड लाईट, पार्क मेन्टिनेंस जैसी शिकायतों के समाधान के अलावा, जन्म मृत्यु, विवाह पंजीकरण, फायर एनओसी, ट्रेड लाईसेंस, नामान्तरण हस्तान्तरण जैसी सुविधाएं और कार्य भी प्राथमिकता से किये जा रहे हैं इसके अलावा पीएम और सीएम स्वनिधि योजना तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं सहित विभिन्न योजनाओं के लाभ भी दिये जा रहे है।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपने संसदीय क्षेत्र कोटा में नमो खिलोना बैंक की शुरूआत की। इस बैंक में जिले के सामर्थवान स्कूली बच्चों द्वारा जरूरतमंदों के लिए हजारों खिलौने दान किये गये है। टॉय बैंक का लोकार्पण बच्चों द्वारा ही करवाया गया। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि बच्चों की इस पहल से समाज के सभी वर्गो को प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा किप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच को साकार रूप देते इस खिलौना बैंक के जरिये हर जरूरतमंद बच्चे के चेहरे पर मुस्कान साझा हो सकेगी।

0000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने उदयपुर के मोहन लाल सुखाडिया विश्वविद्याल के कुलगुरू के खिलाफ मिली शिकायतों की जांच के लिए संभागीय आयुक्त की अध्यक्षता में समिति गठित की है। पांच सदस्यीय समिति में उदयपुर के जिला कलेक्टर और मेडिकल कॉलेज प्राचार्य को भी शामिल किया गया है। समिति तय समय पर दस्तावेजों की जांच कर राज्यपाल को रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

0000

प्रदेश में त्यौहारों पर लोगों को शुद्ध मिठाईयां और खाद्य सामग्री मुहैया कराने को लेकर खाद्य विभाग की मुहिम तेज हो गई है। विभाग द्वारा चलाये जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान में कल भी कई स्थानों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान कोटपूतली–बहरोड़ जिले में विभाग की टीम ने ढाई सौ लीटर मिलावटी दूध नष्ट कर प्रकरण दर्ज किया। जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि खाद्य पदार्थ सामग्री सीज कर नमूने जयपुर प्रयोगशाला भिजवाए गए है।

0000

प्रदेश में मानसून की बारिश का दौर थमने के बाद तापमान में बढोतरी से मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढने लगा है। वायरल, खांसी जुकाम के साथ मच्छरजनित रोगों के पीडित भी अस्पताल पंहुच रहे है। अलवर जिला अस्पताल की ओपीडी में इन दिनों स्क्रबटाफस और डेंगू के मरीजों की संख्या में भी इजाफा देखा गया।

चिकित्सकों के अनुसार बुखार और जुकाम–खांसी से पीड़ित गंभीर मरीजों में स्क्रब टाइफस जैसे लक्षण सामने आ रहे हैं। ऐसे में वहां रोजाना करीब 70 से 80 मरीजों को भर्ती किया जा रहा है ।

**0000**